सं. प्रशा. /1025/ हि.क./ हि.पखवाड़ा / 2023
र. ले. प्र. नि. (म. क), लखनऊ
दिनांक- 11 सितम्बर, 2023

आवश्यक परिपत्र

विषयः हिंदी दिवस/हिंदी पखवाड़े का आयोजनः वर्ष 2023

भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय (वित्त) एवं महानियंत्रक कार्यालय, दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत कार्यालय में हिन्दो के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु दिनांक 14 सितम्बर 2023 से 29 सितम्बर 2023 की अवधि में हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान मुख्य कार्यालय में निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा:-

क्रम संख्या	प्रतियोगिता का नाम	विषय	आयोजन की तिथि एवं समय	प्रतियोगिता स्थल
1.	हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता	निम्नलिखित में से कोई एक विषयः 1. अंतरिक्ष सफलताः भू राजनीतिक प्रभाव 2. क्या कार्यालय में अनुशासन उचित तथा अनिवार्य है? 3. महिला सशक्तिकरण	19.09.2023 (अपराह्न 03.30 बजे)	प्रशिक्षण कक्ष (संगठन एवं पद्धति, मुख्य कार्यालय, ल.
2.	भाषण प्रतियोगिता	"भारतीय संस्कृति का बदलता स्वरूप"	21.09.2023 (अपराह्न 03.30 बजे)	सभागार

प्रतियोगिता के विजेताओं को रक्षा लेखा विभाग-स्थापना दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार रू. 2000/-, द्वितीय पुरस्कार रू. 1800/- एवं तृतीय पुरस्कार रू. 1500/- निर्धारित किया गया है।

मुख्य कार्यालय एवं लखनऊ स्थित अधीनस्थ कार्यालयों *(वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.) सै.चि.द. लखनऊ एवं वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.)11 जी.आर. आर. सी., लखनऊ को छोड़कर)* के अधिकारी/कर्मचारी उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकते हैं। पुरस्कार हेतु गठित निर्णायक मण्डल का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा। विशेष परिस्थिति में प्रतियोगिता स्थल में परिवर्तन किया जा सकता है।

मुख्य कार्यालय के सभी अनुभागों एवं लखनऊ स्थित अधीनस्थ कार्यालयों *(वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.) सै.चि.द. लखनऊ एवं वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.)11 जी.आर. आर. सी., लखनऊ को छोड़कर)* के प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु अधिक से अधिक प्रतिभागियों के नामों की सूची (मोबाइल नं0 सहित) राजभाषा अनुभाग, मुख्य कार्यालय लखनऊ में दिनांक 15.09.2023 तक अवश्य भिजवा दें।

यह भी अनुरोध है कि इस दौरान कार्यालय का सारा कार्य स्वयं हिन्दी में निष्पादित करें और अधीनस्थ कर्मचारियों से भी करवाएं।

वरि. लेखा अधिकारी (रा.भा.)

सेवा में

1. समस्त समूह अधिकारी
2. प्रभारी अधिकारी, मुख्य कार्यालय के समस्त अनुभाग
3. संबंधित अधीनस्थ कार्यालय, लखनऊ।
4. स्वचलन कक्ष (स्थानीय) ... कार्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।